**Dainik Bhaskar (Indore), 21st April 2023, Page-05**

# आईआईटी इंदौर में इंजीनियरिंग में पीएचडी के लिए आवेदन आमंत्रित

**इंदौर|** आईआईटी इंदौर द्वारा इंजीनियरिंग के 5 विभागों में पीएचडी प्रवेश परीक्षा करवाई जाएगी। इसके लिए आवेदन बुलवाए हैं। इनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, मेटलर्जी और मटेरियल इंजीनियरिंग, बायोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग की सीटें हैं। सिविल इंजीनियरिंग में आवेदन 24 अप्रैल तक जमा कराना होंगे। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। ▪ बायोसाइंस और बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पीएचडी के लिए आवेदन 15 मई तक किए जा सकते हैं। ▪ मेटलर्जी और मटेरियल इंजीनियरिंग में 12 विषयों के लिए आवेदन 31 मई तक कर सकते हैं। जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।